एक वादा यही आप से श्याम सुंदर मुझे चाहिए

एक वादा यही आप से श्याम सुंदर मुझे चाहिए,
हारने जब लगू दुख से मैं सामने सिर्फ तू चाहिए,

आज तक तेरे बिन सांवरे एक भी ख्वाब देखा नहीं,
एक कदम भी चलूं तेरे बिन आज तक ऐसा सोचा नहीं,
जब सहारा ना मुझको मिले पास में सिर्फ तू चाहिए,
एक वादा यहीं आप से...

मैं रहूं इस जहां में कहीं श्याम तू हो मेरे पास में,
तू बसे प्रार्थना में मेरी तू रहे मेरे एहसास में,
मेरी हिम्मत में ओ सांवरे बनके विश्वास तू चाहिए,
एक वादा यहीं आप से....

पास जब कुछ नहीं था मेरे तूने सब कुछ दिया सांवरे,
जिंदगी के सफर में सदा साथी बनकर चला सांवरे,
मंत्री गाता रहे गुण तेरे ऐसी कृपा मुझे चाहिए,
एक वादा यहीं आप से.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19899/title/ek-vada-yahi-aap-se-shyam-sunder-mujhe-chahiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |